RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, बुधवार 17 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 150 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : 14000 करोड़ रुपये की लागत से बना कोस्टल रोड कोस्टल का अंडरपास डूब गया



Page - 2

# मुंबई में हाई-टेक ठगी का पदार्फाश...

## फर्जी कॉल सेंटर से अमेरिका में मचाया तहलका!




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने पश्चिमी उपनगरों में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और 13 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोग कथित तौर पर कंप्यूटर पर एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर को नवीनीकृत करने के बहाने अमेरिकी नागरिकों को ठगने में शामिल थे। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने सोमवार रात गोरेगांव पूर्व में 'विहान कमर्शियल कॉम्प्लेक्स' में एक परिसर पर छापा मारा और आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा को एक कॉल सेंटर के बारे में विशेष जानकारी मिली थी, जहां कर्मचारी अमेरिकी नागरिकों को 'एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर' के नवीनीकरण के बारे में ई-मेल भेजते थे, साथ ही एक टोल-फ्री नंबर भी देते थे।

अधिकारी ने कहा, "जब पीड़ित टोल-फ्री नंबर पर कॉल करते थे तो आरोपी उन्हें 250 से 500 डॉलर मूल्य के गिफ्ट कार्ड खरीदने के लिए मजबूर करते थे। इसके बाद आरोपी पीड़ितों के भुगतान को क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे।" उन्होंने बताया कि फर्जी कॉल सेंटर पिछले दो साल से चल रहा था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कॉल सेंटर के दो मालिकों, एक प्रबंधक और 10 एजेंट को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी सोमवार रात भर जारी रही। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और दूरसंचार अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और स्थानीय अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# महाराष्ट्र बनेगा ग्लोबल गेमिंग हब

## फडणवीस की कैबिनेट ने दी मंजूरी...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की महायुति सरकार की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक मंगलवार को दक्षिण मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित मंत्रालय में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाली इस बैठक में महाराष्ट्र की बहुचर्चित नई एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) नीति 2025 की घोषणा की गई। सरकार के इस कदम को मुंबई को मनोरंजन और पर्यटन क्षेत्र की राजधानी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। इस निर्णय से अब मीडिया, मनोरंजन और एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र को उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा मिल गया है।

उल्लेखनीय यह है कि यह नीति वर्ष 2050 तक के लिए बनाई गई है और इसके लिए लगभग 3,268 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है। इस नीति से इस बीस



वर्ष की अवधि में राज्य में लगभग 50,000 करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है। साथ ही, इस क्षेत्र से संबंधित उच्च तकनीक पर आधारित 2 लाख नए रोजगार सृजित होंगे।एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र को देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) उद्योग का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। भारत में यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। मीडिया और मनोरंजन बाजार के वर्तमान 27 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 100 अरब डॉलर से ज्यादा होने का अनुमान है।

### विजन डॉक्यूमेंट में भी इस क्षेत्र का ज़िक्र

**महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महाराष्ट्र आर्थिक सलाहकार समिति द्वारा तैयार किए गए विजन डॉक्यूमेंट में भी एवीजीसी–एक्सआर का जिक्र किया गया था। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार ने हाल ही में मुंबई में वेव्स 2025 नामक एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन के जरिए लगभग 8,000 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। इस समिति की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया था कि एवीजीसी–एक्सआर क्षेत्र कौशल विकास और नवाचार विकास के लिए महत्वपूर्ण और पूरक है। इस क्षेत्र के लिए एक अलग नीति तैयार करने की भी सिफारिश की गई थी। देश में कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल और मध्य प्रदेश राज्यों में ऐसी नीतियां तैयार की जा चुकी हैं।**

### महाराष्ट्र में सर्वाधिक स्टूडियो

**महाराष्ट्र में एवीजीसी–एक्सआर क्षेत्र में 295 से अधिक स्टूडियो हैं, जो कि भारत में सबसे अधिक है। यह देश के कुल स्टूडियो का लगभग 30 प्रतिशत है। मुंबई और पुणे में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और गेमिंग के लिए शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने वाले 20 संस्थान हैं। महाराष्ट्र ने पहले ही सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवा नीति–2023 के तहत एवीजीसी–एक्सआर को एक उभरता हुआ क्षेत्र उद्योग घोषित किया है। इस क्षेत्र की तकनीक का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, विपणन, रक्षा, गेमिंग, कृषि और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।**

## 34 वर्षीय व्यक्ति ने कर ली आत्महत्या; घर पर फंदे से लटका हुआ पाया गया

**मुंबई :** अंधेरी पश्चिम में रविवार को एक 34 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह अपने घर पर फंदे से लटका हुआ पाया गया। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि वह पारिवारिक समस्याओं के कारण अवसाद से ग्रस्त था। उसकी शादी 2022 में हुई थी, लेकिन चार महीने पहले उसका तलाक हो गया। उसके कोई बच्चे नहीं थे। डीएन नगर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक के बारे में पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मनीष थोम्ब्रे के रूप में हुई है, जो एक निजी कंपनी में काम करता था और अंधेरी पश्चिम के गाँवदेवी डोंगरी स्थित साईं बाबा सोसाइटी में रहता था। उसने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह अपने भाई और भाभी के साथ रहता था।

# 'मुंबई में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को खत्म किया जा रहा है',

## महायुति सरकार पर आदित्य ठाकरे का हमला

**मुंबई :** शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महायुति सरकार ऐप-आधारित बस और बाइक-टैक्सी सेवाओं को मंजूरी देकर मुंबई की पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को खत्म करना चाहती है। महाराष्ट्र स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (एसटीए) ने ओला, ऊबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को मुंबई महानगर क्षेत्र में बाइक टैक्सी चलाने के लिए अस्थायी लाइसेंस की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही 1.5 किलोमीटर के लिए न्यूनतम किराया 15 रुपये तय किया गया है।



आदित्य ठाकरे ने सवाल उठाया कि बाइक टैक्सियों के लिए क्या नियम तय किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'चाहे बाइक टैक्सी हों या सिटी फ्लो बसें, भाजपा-शिवसेना सरकार निजीकरण कर रही है। यह मुंबई के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को खत्म कर रही है।' पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार को इएरुळ बसों के लिए भी वही उत्साह दिखाना चाहिए जो वह बाइक टैक्सियों के लिए दिखा रही है, और इएरुळ को आर्थिक सहायता देनी चाहिए। उन्होंने राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक पर भी निशाना साधा। ठाकरे ने दावा किया कि जुलाई में रैपिडो ऐप से राइड बुक कर बाइक टैक्सियों की गैरकानूनी सेवाओं को उजागर करने वाला ड्रामा रचा गया था, जबकि रैपिडो ने मंत्री के रिश्तेदार के कार्यक्रम को स्पॉन्सर किया था। आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि मुंबई की प्रमुख पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा इएरुळ को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। 'निजी बस ऑपरेटरों की भरमार हो गई है, जबकि इएरुळ का बेड़ा कम किया जा रहा है, किराए बढ़ाए जा रहे हैं और बस डिपो बेचे जा रहे हैं।'

## महाराष्ट्र में आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन;

### सरकार के सामने 19 प्रमुख मांगे रखेंगे

**मुंबई :** महाराष्ट्र में आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन जारी हैं. हजारों आदिवासी अपने अधिकारों के लिए ठाणे के शाहपुर से पैदल मार्च करते मुंबई पहुंचे. ये लोग मुंबई में मंत्रालय जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे. हजारों की संख्या में मौजूद आदिवासियों का ये मार्च 14 सितंबर को शाहपुर से निकला था, जो कि 16 तारीख को मुंबई पहुंचा है. अब ये लोग मंत्रालय में सरकार के सामने 19 प्रमुख मांगे रखेंगे.



बता दें कि ये भी लोग आदिवासी, गैर-आदिवासी जातियों को एसटी वर्ग में शामिल करने के विरोध में पदयात्रा निकला रहे हैं. उनकी मांगों में जाति सत्यापन कानून में संशोधन, 85,000 रिक्त सरकारी नौकरियों को भरना और फर्जी जाति प्रमाण पत्र रद्द करना शामिल है. आदिवासी समुदाय शासन-प्रशासन की लंबी उपेक्षा से भी आक्रोशित हैं.

**स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी**

ठाणे का शहापुर तालुका एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है. यहां कातकरी, थाकुर और अन्य जनजातियां रहती हैं. कई टोले यहां आज भी अंधेरे में डूबे हैं. बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं इन क्षेत्रों तक पहुंची ही नहीं हैं. आदिवासी संगठनों के मुताबिक, तालुका के 70 से अधिक टोलों में सड़कें नहीं हैं, जिससे हेल्थ इमरजेंसी में लोगों की जान पर बन आती है.

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## बातचीत से होगा समाधान...

अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भारत पर लगातार की जा रही तल्ख टीका-टिप्पणियों के बीच एक बात स्पष्ट है कि दोनों देशों के बीच व्यापार पर जारी कशमकश दूर करने के लिए बातचीत अब भी चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत से अमेरिका आयात होने वाली वस्तुओं पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका के सहायक व्यापार वातार्कार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में वहां के वातार्कारों का एक दल विवाद का समाधान खोजने के लिए फिलहाल भारत आया हुआ है। वैसे तो केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि यह बैठक एक अन्य दौर की वार्ता शुरू होने का संकेत नहीं है मगर इतना तो साफ है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पर उठे विवाद का समाधान निकालने की उम्मीदें भी धूमिल नहीं हुई हैं। भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि अमेरिका को पहले ही भारत की तरफ से कई प्रस्ताव दिए जा चुके हैं। इसे लेकर कोई दो राय नहीं कि देश के प्रमुख रणनीतिक एवं संवेदनशील क्षेत्रों के हित सुरक्षित रखना जरूरी हैं मगर तमाम मतभेद के बीच एक मध्य मार्ग निकालने के लिए नए तरीके आजमाना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है।

भविष्य के लिए कुछ राहें तो नजर आने भी लगी हैं। उदाहरण के लिए इस समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें अमेरिका के एक व्यापार अधिकारी के हवाले से बताया गया था कि उनका देश भारत को केवल महंगे दुग्ध उत्पादों जैसे कि चीज आदि का निर्यात करना चाहता है और दुग्ध एवं संबंधित उत्पादों के व्यापक बाजार में प्रतिस्पर्द्धा करने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। दुग्ध क्षेत्र राजनीतिक दृष्टिकोण से खास अहमियत रखता है और विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों में यह बाहरी प्रतिस्पर्द्धा से सुरक्षा सुनिश्चित करने के पक्ष में ठोस तर्क देता रहा है।

मगर ऐसा लगता है कि मूल्य के लिहाज से एक सीमा के ऊपर के लिए शुल्क तेजी से घटाने के प्रावधान के साथ दोनों पक्ष संतुष्ट हो सकते हैं। शराब के प्रमुख उत्पादक देश ऑस्ट्रेलिया के साथ पूर्व में ऐसे ही उपाय कारगर साबित हुए हैं। शराब पर शुल्क 150 फीसदी से घटाकर 100 फीसदी कर दिया गया है और अगले कुछ दशकों में 5 डॉलर से अधिक मूल्य की बोतल पर यह कम होकर 50 फीसदी रह जाएगा।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# पश्चिम रेलवे ने की यात्रियों की सुविधा के लिए स्मार्ट IP-बेस्ड स्पीकर्स लगाने की पहल...

**मुंबई :** मुंबई की लाइफ लाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनें हर दिन लाखों यात्रियों को सफर कराती हैं। भीड़भाड़ और ट्रेनों की आवाज के बीच अक्सर प्लेटफॉर्म पर होने वाली घोषणाएं यात्रियों तक साफ नहीं पहुंच पातीं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पश्चिम रेलवे ने अब स्मार्ट क्ढ-बेस्ड स्पीकर्स लगाने की पहल की है। खास बात यह है कि ये स्पीकर्स प्लेटफॉर्म पर मौजूद शोर और भीड़ के हिसाब से अपने आप वॉल्यूम एडजस्ट कर लेंगे।



**पश्चिम रेलवे के स्टेशनों पर पुराने स्पीकर्स की जगह स्मार्ट सिस्टम**

अभी तक रेलवे स्टेशनों पर लगे पुराने हॉर्न और बॉक्स टाइप स्पीकर्स से घोषणाएं साफ सुनाई नहीं देती थीं। कई बार ट्रेन का हॉर्न या प्लेटफॉर्म पर यात्रियों का शोर इतना ज्यादा होता था कि आवाज दब जाती थी। लेकिन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्पीकर्स को बदलकर स्मार्ट सिस्टम लगाया जा रहा है।

**कैसे काम करेंगे स्मार्ट स्पीकर्स?**

वेस्टर्न रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक, IRTS के अनुसार, इन नए स्पीकर्स में नॉइज सेंसिंग माइक्रोफोन लगे होंगे। ये माइक्रोफोन लगातार आसपास के साउंड लेवल को मापते रहेंगे। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंचेगी और शोर बढ़ेगा, घोषणा का वॉल्यूम अपने आप तेज हो जाएगा। रात में या जब भीड़ कम होगी, तो यह स्पीकर्स अपनी आवाज धीमी कर देंगे, ताकि यात्रियों को बिना अतिरिक्त शोर के जानकारी मिल सके। इस पूरी व्यवस्था को सेंट्रल कंट्रोल रूम से रियल टाइम में मॉनिटर और मैनेज किया जाएगा।

**किन स्टेशनों पर हो रही है शुरूआत?**

शुरूआत में यह सिस्टम मुंबई के सात प्रमुख स्टेशनों पर लगाया जा रहा है। इनमें शामिल हैं झ मरीन लाइन्स, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी, मालाड। इन सभी जगहों पर नेटवर्क-बेस्ड IP स्पीकर्स को ईथरनेट कनेक्शन से जोड़ा जाएगा, ताकि घोषणाओं में किसी तरह की गड़बड़ी को तुरंत सुधारा जा सके।

**यात्रियों के लिए बड़ी राहत, भविष्य की स्मार्ट रेलवे की ओर कदम**

यात्रियों का कहना है कि यह बदलाव बेहद जरूरी था। अभी तक भीड़ के कारण कई बार घोषणाएं सुनाई नहीं देती थीं, जिससे खासकर बुजुर्ग और नए यात्रियों को परेशानी होती थी। अब स्मार्ट स्पीकर्स इस समस्या का स्थायी समाधान साबित होंगे। यह तकनीक यात्रियों तक साफ और समय पर सूचना पहुंचाने में बड़ी मदद करेगी। यदि यह प्रयोग सफल साबित होता है, तो इसे धीरे-धीरे मुंबई के अन्य स्टेशनों और फिर देश के बाकी हिस्सों में भी लागू किया जाएगा। कुल मिलाकर, स्मार्ट स्पीकर्स की यह तकनीक मुंबई लोकल के सफर को और आसान, सुरक्षित और स्मार्ट बनाने जा रही है। अब यात्रियों को भीड़-भाड़ और ट्रेनों के शोर के बीच भी घोषणाएं साफ सुनाई देंगी। यह पहल भारतीय रेलवे के स्मार्ट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# मुंबई : 14000 करोड़ रुपये की लागत से बना कोस्टल रोड कोस्टल का अंडरपास डूब गया



**मुंबई :** भारी बारिश की वजह से कोस्टल रोड का अंडरपास डूब गया। 14000 करोड़ रुपये की लागत से बना कोस्टल रोड कोस्टल का अंडरपास पानी से भरने की वजह से सुबह काफी देर तक बंद रहा। इस वजह से दक्षिण मुंबई में यातायात बाधित रहा। अब्दुल गफ्फार खान रोड के नीचे बना अंडरपास जेके कपूर चौक को जोड़ता है और प्रभादेवी व दादर से मुंबई कोस्टल रोड तक यातायात को आसान बनाता है।

मौजूदा अब्दुल गफ्फार खान रोड के नीचे से गुजरने वाला अंडरपास जेके कपूर चौक को जोड़ता है, जो प्रभादेवी, दादर से मुंबई कोस्टल रोड तक आने वाले यातायात को संभालता है। वीयूपी के कट-एंड-कवर हिस्से के बाद, यातायात दो दिशाओं में बंट जाता है। एक बांद्रा की ओर और दूसरा दक्षिण की ओर जाने वाले कोस्टल रोड की ओर।

**ट्रैफिक फंसा**

ट्रैफिक पुलिस की डीसीपी दिपाली घाटे ने बताया कि अंडरपास में पानी भरने के कारण उसको बंद कर दिया गया था। कोस्टल रोड पर भी बारिश का आंशिक असर देखने को मिला कुछ हिस्सों में पानी निकासी होने तक वाहनों को एकतरफ कर दिया गया था। जॉइंट सीपी अनिल कुंभारे ने बताया कि स्थिति सामान्य है। कोस्टल रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू है। वहीं, बीएमसी प्रशासन ने इस मामले में चुप्पी साध ली है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक 8 घंटे के बीच मुंबई के कई हिस्सों में 150 टट से अधिक बारिश दर्ज की गई। दक्षिण मुंबई में ज्यादा बारिश हुई। मुंबई शहर में औसतन 134.4 MM और उपनगर में 71.6 MM बारिश हुई है। बांद्रा में सबसे अधिक 176 MM बारिश दर्ज की गई। वर्ली में 170MM , दादर में 160MM , कुलाबा में 159 MM बारिश दर्ज की गई।

# मुंबई : इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग ने राज कुंद्रा से पांच घंटे तक पूछताछ की



**मुंबई :** शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अक्सर विवादों में घिरे हुए नजर आते हैं. पहली पत्नी से लेकर शिल्पा शेट्टी के साथ शादी, पोर्नोग्राफी मामले तक राज का नाम विवादों से जुड़ा हुआ आया. इस बीच मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग ने कारोबारी राज कुंद्रा से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की.

**राज कुंद्रा से धोखाधड़ी मामले में हुई पूछताछ**

राज कुंद्रा बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति हैं. यह पूछताछ लगभग ₹60 करोड़ की फाइनेंशियल जांच के सिलसिले में हुई. सूत्रों के मुताबिक, कुंद्रा को अगले हफ्ते दोबारा भी बुलाया जा सकता है.

**शिल्पा शेट्टी से हो सकती है पूछताछ**

सूत्रों का कहना है कि इस मामले में शिल्पा शेट्टी से भी पूछताछ हो सकती है, हालांकि अभी तक उन्हें समन जारी नहीं किया गया है.

**कुंद्रा ने अलग-अलग कंपनियों में लगाए पैसे**

जांच में सामने आया है कि कुंद्रा ने लगभग 60 करोड़ रुपये पांच अलग-अलग कंपनियों में लगाए थे - सत्युग गोल्ड, विहान इंडस्ट्रीज, एसेंशियल बल्क कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड, बेस्ट डील और स्टेटमेंट मीडिया. शक है कि इन पैसों का इस्तेमाल कुछ अन्य कंपनियों और फिजूल खर्चों में कर दिया गया. EOW की जांच में यह भी पता चला कि कुंद्रा के बैंक खातों से करीब ₹25 करोड़ ऐसे खर्च हुए हैं जिन पर सवाल खड़े हो रहे हैं. इनमें ₹3.15 करोड़ एक गोदाम पर, लगभग ₹20 करोड़ ब्रॉडकास्टिंग पर और मतुंगा स्थित एक दफ्तर के किराए पर भारी रकम खर्च की गई.

# बीएमसी ने समुद्री ज्वार की जानकारी साझा करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील...

**मुंबई :** 16 सितंबर 2025 को मौसम और समुद्री ज्वार की जानकारी साझा करते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है. बीएमसी ने अपने आधिकारिक अकाउंट से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए बताया कि मुंबई शहर और उपनगरों में कई जगहों पर आसमान में बादल छाए रहेंगे. साथ ही, गरज और बिजली के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने की भी संभावना जताई गई है.



बीएमसी के अनुसार, समुद्र में आज दो बार निम्न ज्वार और दो बार उच्च ज्वार देखने को मिलेगा. दोपहर 2:06 बजे लगभग 2.27 मीटर की ऊँचाई पर निम्न ज्वार रहेगा. इसके बाद शाम 7:27 बजे उच्च ज्वार आने की संभावना है, जिसकी ऊँचाई करीब 2.90 मीटर तक होगी. बीएमसी ने बताया कि उच्च ज्वार के समय समुद्र का पानी शहर के निचले इलाकों में प्रवेश कर सकता है, इसलिए लोगों को समुद्री किनारों और तटीय इलाकों में अनावश्यक रूप से न जाने की सलाह दी गई है. बीएमसी ने यह भी जानकारी दी कि कल, 17 सितंबर को सुबह 2:00 बजे 1.44 मीटर ऊँचाई का निम्न ज्वार रहेगा, जबकि सुबह 9:03 बजे 3.70 मीटर ऊँचाई तक का उच्च ज्वार आने की संभावना है. यह उच्च ज्वार खतरनाक हो सकता है यदि उस समय भारी बारिश भी हो रही हो, क्योंकि इससे जलभराव की स्थिति बन सकती है. नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि भारी बारिश या जलभराव की स्थिति में घर से बाहर निकलने से बचें. साथ ही, पानी से भरी सड़कों और खुले मैनहोल से दूर रहने की चेतावनी दी है. बीएमसी की आपातकालीन टीमें बारिश और ज्वार के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं. प्रशासन ने कहा है कि नागरिक किसी भी आपात स्थिति में बीएमसी के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1916 पर संपर्क कर सकते हैं.

# मुंबई : हॉस्पिटैलिटी कंपनी के सहायक प्रबंधक पर 1.02 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का मामला दर्ज

**मुंबई :** एन.एम. जोशी मार्ग पुलिस ने विजय अजीतलाल यादव और उनकी बहन शीला यादव के खिलाफ मुंबई स्थित एक हॉस्पिटैलिटी कंपनी से 1.02 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का मामला दर्ज किया है। सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत विजय यादव पर वेंडर भुगतान के बहाने कंपनी के फंड को अपनी बहन के बैंक खाते में स्थानांतरित करने का आरोप है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता, राकेशकुमार चंदनमल जैन, 38, राजगढ़ कॉलोनी, गांधीनगर, दिल्ली के निवासी हैं और वर्तमान में मागाठाणे, बोरीवली पूर्व में रहते हैं। वे मेसर्स बेलोना हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज लिमिटेड में उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, जिसका मुख्यालय आर.आर. होजरी बिल्डिंग, लक्ष्मी वूलन मिल्स एस्टेट, डॉ. ई. मोसेस रोड,




महालक्ष्मी, मुंबई में है। जैन ने कंपनी की ओर से 30 जुलाई, 2024 को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस शिकायत के अनुसार, यादव 6 दिसंबर, 2021 को एक कार्यकारी प्रबंधक के रूप में कंपनी में शामिल हुए और उन्हें कई महत्वपूर्ण वित्तीय जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिनमें विक्रेता भुगतान संसाधित करना, बैंक लेनदेन बनाए रखना, बिलिंग रिकॉर्ड अपडेट करना और चालान संभालना शामिल था। कथित धोखाधड़ी तब सामने आई जब जैन ने 5 मई, 2024 को विक्रेता ''बी बेवरेजेस'' के नाम पर 2 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन देखा। आगे की जांच करने पर पता चला कि लेनदेन से जुड़ा बैंक खाता वास्तविक विक्रेता का नहीं था। एक आंतरिक ऑडिट में 24 जून, 2022 और 23 मार्च, 2024 के बीच किए गए 1.02 करोड़ रुपये के 67 अनधिकृत लेनदेन से जुड़े एक गहरे वित्तीय घोटाले का पता चला अपने आधिकारिक पद का इस्तेमाल करते हुए, विजय यादव ने कथित तौर पर झूठे विक्रेता विवरण प्रस्तुत करके भुगतान रिकॉर्ड में हेराफेरी की और कंपनी के लेखा प्रबंधक, संजय फड़के से भुगतान के लिए मंजूरी हासिल कर ली। कंपनी की ऑडिट समिति द्वारा पूछताछ किए जाने पर, यादव ने कथित तौर पर धन के गबन की बात कबूल कर ली।

## मुंबई : महाराष्ट्र में झुग्गी पुनर्वास मामले पर कांग्रेस-BJP के बीच रार...



**मुंबई :** मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने जुहू क्षेत्र में 38 एकड़ के स्लम पुनर्विकास प्राधिकरण प्रोजेक्ट पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भाजपा नेता से जुड़े बताए गए 'शिव इंफ्रा विजन प्रॉपर्टीज प्रा. लि.' को ठेका दिए जाने पर सवाल उठाए। वर्षा ने आरोप लगाया कि परियोजना में 6,500 से अधिक झुग्गीवासियों को अंधेरे में रखकर नया डेवलपर थोप दिया गया। गायकवाड़ ने सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम शिंदे और रफ्थ सीईओ से प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण मांगा। वहीं, भाजपा नेता मोहित काम्बोज ने आरोपों को बेबुनियाद बताया और गायकवाड़ को सबूत देने या इस्तीफा देने की चुनौती दी।

# मुंबई : छेड़खानी की तो खैर नहीं, 62 वर्षीय शख्स अरेस्ट...

**मुंबई :** मुंबई में राजकीय रेलवे पुलिस ने 62 वर्षीय एक व्यक्ति को दादर स्टेशन पर एक 19 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान डी.जी. मखान के रूप में हुई है, जो दिल्ली का निवासी है और पेशे से ड्राइवर है। यह घटना 13 सितंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। शिकायतकर्ता युवती अपनी सहेली के साथ सीएसएमटी की ओर जाने वाली तेज लोकल ट्रेन के सामान्य डिब्बे में यात्रा कर रही थी। जब ट्रेन दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर पहुंची, तो वे अन्य यात्रियों के साथ उतरने लगीं।



युवती ने पुलिस को बताया कि डिब्बा काफी भीड़ भरा था और आरोपी ने इसी बात का फायदा उठाकर उसे गलत तरीके से छुआ। इसके बाद, शिकायतकर्ता ने दादर जीआरपी से संपर्क किया और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी को ढूंढ निकाला और हिरासत में ले लिया। उसे रेलवे कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता एक छात्रा है। ध्यान रहे महिलाओं की सुरक्षा के लिए रेवले स्टेशनों पर पुलिस मौजूद रहती है। अगर ट्रेन में कोई भी तरह से छेड़खानी या परेशान किया जाए तो आप पुलिस को इस छात्रा की तरह शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा हेल्प लाइन पर फोन भी कर सकते हैं।

## नासिक : निजी स्कूल को बम की धमकी

**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक में एक निजी स्कूल को बम की धमकी मिली है। इस मामले में इंस्पेक्टर तृप्ति सोनवणे ने बताया, इंदिरानगर थाने को रात लगभग 2.45 बजे एक धमकी भरा ईमेल मिला, जो एक फजी ईमेल पते से भेजा गया था। इसमें दावा किया गया था कि वड़ा पथरी रोड पर स्थित नासिक कैम्ब्रिज हाई स्कूल के बाथरूम में बम है। स्कूल प्रशासन द्वारा सूचित किए जाने पर, पुलिस ने बम निरोधक दस्ते को बुलाया और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए पूरी जांच की। कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और स्कूल के सुरक्षित होने की पुष्टि हुई। फजी ईमेल पते का पता लगाने में साइबर पुलिस स्टेशन से मदद ली जा रही है।

## मुंबई-नासिक हाईवे पर भीषण हादसा, 20 यात्री घायल

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नासिक जिले के घोटी इलाके में मुंबई-नासिक राजमार्ग पर एक निजी बस हादसे का शिकार हो गई। पुलिस के अनुसार, बस जलगांव जिले के चालीसगांव से नवी मुंबई के पनवेल जा रही थी, तभी चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बस दूसरी गाड़ी से टकरा गई। सोमवार शाम हुए इस हादसे में निजी बस के 20 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि बस चालक के नियंत्रण खोने के कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नागपुर : जेल की महिला सुरक्षा गार्ड को जान से मारने की धमकी, तीन कैदियों के खिलाफ एफआईआर

नागपुर : नागपुर सेंट्रल जेल की एक महिला सुरक्षा गार्ड को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जेल के तीन कैदियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की जानकारी दी। घटना 13 सितंबर को उस समय हुई जब जेल के मुलाकात कक्ष में कैदी अपने परिवार और वकीलों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान तीन कैदियों दीपक खात्या उर्फ रामकृष्ण घंचक्कर, समीर सदरोल सिद्दीकी और देवांश अजय शर्मा ने वहां हंगामा शुरू कर दिया। जब महिला गार्ड ने उन्हें वापस बैरक में जाने को कहा, तो उन्होंने बदसलूकी करते हुए उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद महिला गार्ड ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया।

## मुंबई : विश्वविद्यालय में बनेगा हेरिटेज भाषाओं पर रिसर्च सेंटर

**मुंबई :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने सोमवार को मुंबई विश्वविद्यालय के कलीना परिसर में हेरिटेज भाषाओं और सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भाषाओं पर शोध को नई दिशा देगा और देश की शैक्षणिक विरासत को मजबूत करेगा। यह केंद्र प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किया गया है, और इसके लिए विश्वविद्यालय को ₹49.95 करोड़ की राशि दी गई है। किरन रिजिजू ने कहा कि मुंबई विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में ऐसा केंद्र बनना देश के लिए गर्व की बात है। इस केंद्र के जरिए पाली, प्राकृत और अवस्ता-पहलवी जैसी प्राचीन भाषाओं का अध्ययन, संरक्षण और प्रचार किया जाएगा। यह पहल केवल एक शैक्षणिक प्रयास नहीं है, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

## मुंबई : लापता 33 वर्षीय नौसेना अधिकारी सूरजसिंह अमरपालसिंह चौहान का शव बरामद... आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज

**मुंबई :** माथेरान के पास भिवपुरी-गरबेट ट्रेक पर निकलने के बाद 7 सितंबर से लापता 33 वर्षीय नौसेना अधिकारी सूरजसिंह अमरपालसिंह चौहान का शव बरामद किया गया। नेरल पुलिस ने पुष्टि की है कि शव कर्जत और नेरल के बीच, सतोबा मंदिर क्षेत्र के आसपास, पाली भूतवाली बांध के पास जंगली इलाके में देखा गया था। शव मंदिर के पीछे एक खाई में लगभग 50 फीट गहराई में मिला। सहायक पुलिस निरीक्षक शिवाजी धावले के मार्गदर्शन में, नेरल पुलिस ने स'ह्याद्री बचाव दल के साथ मिलकर घने इलाके में एक चुनौतीपूर्ण अभियान के बाद शव को बरामद किया। मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले, उन्होंने 27 मई को कोलाबा कार्यालय में कार्यभार संभाला था। पुलिस ने मामले में एक आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की है और मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेज दिया है। धावले ने कहा, ''या तो वह फिसलकर गिर गए होंगे या फिर सांप के काटने से मौत हुई होगी। केवल पोस्टमॉर्टम से ही कारण का पता चलेगा।''

# मुंबई : ड्रग्स, विदेशी करेंसी और वन्यजीव तस्करी के कई मामलों का पदार्फाश

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (सीएसएमआई), मुंबई पर कस्टम विभाग (जोन-3) ने 12 से 15 सितंबर 2025 के बीच की गई कार्रवाई में ड्रग्स, विदेशी करेंसी और वन्यजीव तस्करी के कई मामलों का पदार्फाश किया है। अधिकारियों ने विशेष खुफिया सूचना और प्रोफाइलिंग के आधार पर अलग-अलग उड़ानों से आए या जाने वाले यात्रियों को पकड़ा और भारी मात्रा में जब्ती की। पहले मामले में ताशकंद से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से 7.118 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7.118 करोड़ रुपए आंकी गई। इसी तरह दूसरे मामले में जेद्दा जा रहे तीन यात्रियों के पास से 15.96 लाख रुपए की विदेशी करेंसी पकड़ी गई। तीसरे और चौथे मामलों में बैंकॉक



से आए दो यात्रियों के पास से क्रमशः 18.025 किलो और 17.975 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त हुई, जिनकी कुल कीमत लगभग 36 करोड़ रुपए से अधिक है।

इसके अलावा पांचवें मामले में बैंकॉक से ही आए एक अन्य यात्री के बैग से 6.049 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई जिसकी कीमत 6.049 करोड़ रुपए है। इन सभी मामलों में संबंधित यात्रियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। सबसे चौंकाने वाला मामला वन्यजीव तस्करी का सामने आया। बैंकॉक से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से जीवित और मृत दुर्लभ प्रजातियों के वन्यजीव मिले। इनमें 2 मीरकैट, 2 हाय्रेक्स, 4 शुगर ग्लाइडर, 4 मृत बड़े तोते, 10 ग्रीन बेसिलिस्क लिजार्ड, 20 लेपर्ड टॉर्टाइज, 4 अल्बिनो रेड ईयर्ड स्लाइडर, 1 कॉमन ब्लू टंग स्किंक, 12 बीयर्डेड ड्रैगन, 1 डुमेरिल्स मॉनिटर लिजार्ड, 2 क्विंस मॉनिटर लिजार्ड और 5 वॉटर मॉनिटर लिजार्ड शामिल थे। आरोपी को कस्टम एक्ट, 1962 और वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, 1972 के तहत गिरफ्तार किया गया। कुल मिलाकर, चार दिनों की इस कार्रवाई में कस्टम अधिकारियों ने लगभग 49.167 करोड़ रुपए की कीमत की ड्रग्स, लाखों रुपए की विदेशी करेंसी और कई सारे वन्यजीवों को जब्त कर तस्करों के नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है।

# मुंबई : मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में बाइक टैक्सी चलने का रास्ता साफ; अस्थायी लाइसेंस देने की मंजूरी



**मुंबई :** मुंबईकर के बड़ी गुड न्यूज सामने आई है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और उससे सटे मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में बाइक टैक्सी चलने का रास्ता साफ कर दिया है। महाराष्ट्र में राज्य परिवहन प्राधिकरण ने ऐप-आधारित टैक्सी सेवा देने वाले ओला, उबर और रैपिडो की मूल कंपनियों को मुंबई महानगर क्षेत्र में बाइक टैक्सी सेवाओं के लिए अस्थायी लाइसेंस देने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने किराया भी तय कर दिया है। 1.5 किलोमीटर के लिए न्यूनतम किराया 15 रुपये तय किया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरतलब हो कि पिछले दिनों बाइक टैक्सी के नियम तैयार किए थे। एसटीए की बैठक में मौजूद रहे अधिकारियों के अनुसार ओला, उबर और रैपिडो कंपनियों को 'महाराष्ट्र बाइक टैक्सी नियम 2025' में निर्धारित नियमों के अनुसार संचालन की अनुमति दी गई है। मुंबई के नियम ही पूरे राज्य में लागू किए जाएगा। यात्रियों को इस सेवा के लिए 10.27 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान करना होगा। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य परिवहन सचिव संजय सेठी की अध्यक्षता में एसटीए ने 18 अगस्त को हुई बैठक में किराए को मंजूरी दी और ये पूरे राज्य में लागू होगा। परिवहन प्राधिकरण ने किराया तय करने के लिए खटुआ पैनल के फॉर्मूले का इस्तेमाल किया है। जिसका उपयोग ऑटोरिक्शा और टैक्सियों के लिए दरों की गणना के लिए भी किया जाता है।

**किसका कितना किराया ?**

परिवहन विभाग को मुंबई महानगर क्षेत्र में बाइक टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए 4 आवेदन प्राप्त हुए पर उसने 3 कंपनियों के लिए ही अस्थायी लाइसेंस स्वीकृत किए। एसटीए ने बाइक टैक्सी सेवा के संचालन के लिए आवश्यक नियमों और शर्तों को पूरा करने में विफल रहने के कारण 'स्मार्ट-राइड' के आवेदन को अस्वीकार कर दिया। प्राधिकरण एक साल बाद बाइक टैक्सी किराए की समीक्षा करने की योजना बनाई है।

# मुंबई : मेट्रो के काम में ठेकेदार की तरफ से सुरक्षा को लेकर लापरवाही;

## मेट्रो रूट के नीचे से गुजर रही कार पर लोहे की दो रॉड गिरी



**मुंबई :** निर्माणाधीन मेट्रो के काम में ठेकेदार की तरफ से सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतने की बात फिर सामने आई है। कापूरबावडी परिसर में निर्माणाधीन मेट्रो रूट के नीचे से गुजर रही एक कार पर लोहे की दो रॉड गिरी। घटना में कार का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। कोई जख्मी नहीं हुआ है और बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कार चालक ने कापूरबावडी पुलिस स्टेशन में सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बता दें कि शहर में मेट्रो रूट के नीचे इससे पहले भी हादसे हुए हैं। भिवंडी में लोहे की रॉड एक युवक के सिर पर गिरने से गंभीर चोट लग गई थी। इन घटनाओं ने नीचे से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। शहर में मेट्रो-4 (ठाणे-घाटकोपर- वडाला) और मेट्रो-5 (ठाणे-भिवंडी- कल्याण) का निर्माण कार्य जारी है। कापूरबावडी परिसर में मेट्रो-4 और 5 को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण चरण का निर्माण जारी है। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर भिवंडी के काल्हेर निवासी अमोल लाठे पिता को कार से लेकर घोडबंदर स्थित एक अस्पताल में गए थे। वापसी में कार जब कापूरबावडी पहुंची, तो मेट्रो के एलिवेटेड रूट पर से लोहे की दो रॉड उनकी गाड़ी पर गिर गईं। रॉड कार के शीशे पर लगी और शीशा क्षतिग्रस्त हुआ। अमोल ने पुलिस में दी शिकायत में बताया है कि निर्माण स्थल पर किसी भी सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया गया था।

# मुंबई : किसान की फसलें पूरी तरह बर्बाद; प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए दिए जाने चाहिए - हर्षवर्धन सपकाल

**मुंबई :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने महाराष्ट्र सरकार पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि बारिश से हुए नुकसान की वजह से प्रदेश के किसानों की स्थिति खराब है। प्रदेश के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने चुप्पी साध रखी है। ऐसे में सरकार से मेरी मांग है कि किसानों को प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए दिए जाने चाहिए। सपकाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि किसान गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं और सरकार न तो कोई कार्रवाई कर रही है और न ही कोई कदम उठाने को तैयार है। जब से यह सरकार सत्ता में आई है, महाराष्ट्र की स्थिति खराब है। किसान की फसलें



पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। खेती की जमीन भी खराब हो चुकी है। प्रदेश के किसानों को प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए दिए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम अपनी मांग को दोहराते हैं। किसानों की परेशानी में न तो मुख्यमंत्री साथ हैं और न ही कृषि मंत्री; कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। प्रदेश सरकार जनता को जातियों के मुद्दे पर लड़ाने का काम कर रही है। इसकी हम निंदा करते हैं। हर्षवर्धन सपकाल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब यह कानून लाया गया था, तब कांग्रेस ने अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया था। लड़ाई अभी भी जारी है। वास्तव में यह मोदी सरकार का वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीन हथियाने का एक षड्यंत्र है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए एशिया कप को लेकर पीएम मोदी पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि दुबई में खिलाड़ी देश के लिए खेलने गए थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में देश की भूमिका रखनी चाहिए। अगर वह इस मुद्दे पर ऑल पार्टी के साथ चर्चा करना चाहते हैं, तो जरूर करें। पीएम मोदी ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर जो नरमी दिखाई है, इसके लिए भी क्या ट्रंप ने फोन किया था? इस बारे में भी चर्चा करें।

# मुंबई " इंडिगो अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी




**मुंबई :** '' घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा। एयरलाइन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा।

एयरलाइन ने कहा कि कोपेनहेगन एयरलाइन का 44वां अंतरराष्ट्रीय और कुल मिलाकर 138वां गंतव्य होगा। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा, ''भारत और उत्तरी यूरोप के बीच यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए, हम मुंबई को कोपेनहेगन से जोड़ेंगे। यह विस्तार यूरोप में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगा और कोपेनहेगन को भारतीय यात्रियों के लिए नॉर्डिक क्षेत्र का प्रवेश द्वार बनाएगा।''

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com